उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या- 193/2017/2032/92-2-2017-45जांच/2017

लखनऊ :: दिनांक:: 31 अक्टूबर, 2017

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद-उन्नाव में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा एस0जी0एस0वाई0 योजनांतर्गत ग्राम रामपुर खजडी विकास खण्ड-औरास एवं ग्राम-पावा, विकास खण्ड-सफीपुर में कराये गये निर्माण कार्य में की गयी अनियमितता के फलस्वरूप मुख्य प्राविधिक परीक्षक, तकनीकी सम्परीक्षा प्रकोष्ठ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा की गयी जॉच आख्या दि0 11-09-2017 में परिलक्षित शासकीय क्षति में से कुल धनराशि रू0 8,337.00 के लिये प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर श्री वी0के0 पाण्डेय, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,प्रखण्ड-उन्नाव के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये जांच के सम्पादनार्थ अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-कानपुर को पदेन जांच अधिकारी नामित किये जाने की श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- जॉच अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि विधिवत जॉच कार्यवाही पूर्ण कर जॉच आख्या (दो प्रतियों में) एक माह में शासन में उपलब्ध करायें।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूददीन

अपर मुख्य सचिव।

संख्या-193/2017/2032(1)/92-2-2017 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को टी0ए0सी0 की जांच आख्या पत्र सं0-जी-51/एस0टी0-सी0टी0ई0-2811-122/08/2017-18 दिनांक 11.09.2017 की छायप्रति इस आशय से प्रेषित कि श्री वी0के0 पाण्डेय, सहा0अभि0 के विरूद्व आरोप पत्र गठित कर दो प्रतियों में 03 दिन के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **(छायाप्रति संलग्न)**

2- जांच अधिकारी/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-कानपुर।

3- श्री वी0के0 पाण्डेय, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-उन्नाव द्वारा-निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

4- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in